B.A.- I (NEP) Semester-I

# BAC522 Core- Hindi - Hindi Sahitya Bhag 1

P. Pages : 2 **GUG/S/25/15605**

Time : Three Hours * 3 2 4 5 * Max. Marks : 80

---

सुचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक की कथावस्तु लिखिए।

**अथवा**

आ) प्रो. अरविन्द का चरित्र-चित्रण 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक के आधार पर कीजिए।

**2.** निम्नलिखित समूहों में से **किसी एक** ही समूह के सभी अवतरणों का ससंदर्भ अर्थ स्पष्ट किजिए। **20**

**समूह-'क'**

1. राशनकार्ड बन गया क्या? नहीं बना न? गए भी थे? परवाह किसको है? माँ का आपरेशन कब तय हुआ है? इसका मतलब अस्पताल भी नहीं गए अकेले कहाँ-कहाँ मरूँगी? बोलते क्यों नहीं कुछ? क्या हो गया है तुम्हें?

2. क्या आप इस अर्जुन से कभी उसका दाहिना हाथ माँग सकेंगे? क्या आप भीम से उसकी भुजा माँग सकेंगे? आप माँगेंगे भी तो नहीं मिलेगी। तब आपने मुझसे ही अँगूठा क्यों माँगा? क्या आप अपने शिष्य की हत्या नहीं कर रहे है?

3. झूठ बोलते हैं आप। आपने उसका साथ देने का आश्वासन दिया था। आपके बूते वह लड़ गया। लेकिन लाठियाँ चलीं। उसे कॉलेज से निकाला गया और आपने प्रिंसिपली ले ली मुआवज़े में।

4. हाँ मैं भी। नाली में गिरने के बाद दुर्गंध से कहीं बचाव है? पिछले हफ्ते फर्नीचर के नाम पर ग्रांट के पंद्रह हजार रूपये इसने कॉलेज से उठाए। कल लौटाने वाला था, पर यह घटना हो गई। मैने विरोध किया इसलिए गबन---धोखाधड़ी------जालसाजी-------

**अथवा**

**समूह-'ख'**

5. कान पक गए तुम्हारी बातें सुनते-सुनते! कहाँ तो सोचता था कि साल दो साल में तुम प्रिंसिपल बनोगे और मैं वाइस प्रिंसिपल। और कहाँ तुमने यह हंगामा खड़ा कर दिया। पहले अपनी चमड़ी बचाआँ और तब लगाओ हाथ दुसरों को।

6. इस समय मैं अपने सैंकड़ो साथियों की और से बोल रहा हूँ। लौटकर उन्हे जवाब देना है। जरा साफ बोलने के लिए माफी चाहता हूँ। पर आपने बात बदली तो हम आपको सबसे बड़ा गुनहगार मानेंगे। फिर जो कुछ होगा, उसकी जिम्मेदारी आप पर।

7. विमलेन्दु का साथ किसने दिया? सब बुजदिलो की तरह घर बैठे रहे। गुंडों ने बीच चौराहे पर उसकी जान ले ली, क्या हुआ? उसने भी एक बड़े आदमी के लड़के को नकल करते पकड़ा था। एक तो आदमी गवाही देने आता, सब साले दुम दबाकर बैठ गए।

8. कहा न चुप रहो तुम। मैं सोचता था, तुम बलात्कार की बात सुनकर तिलमिला जाओगी। राजकुमार को कठोर सजा देने पर मुझे विवश कर दोगी। पर उल्टे तुम ---- क्या सुविधाओं ने तुम्हारी संवेदना को इतना मार डाला है?"

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) कहानी के तत्व लिखिए।

2) नाटक एवं एकांकी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3) आत्मकथा का आशय स्पष्ट कर किन्ही चार आत्मकथाओं के नाम लिखिए।

4) उपन्यास और कहानी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) सुभद्राकुमारी चौहान का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए।

2) मैत्रेयी पुष्पा का परिचय साहित्यिक कृतियों का उल्लेख कीजिए।

3) उषा प्रियंवदा का साहित्यिक परिचय लिखिए।

4) मृदुला गर्गजी की साहित्यिक विधाओं की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**5.** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **10**

1) द्रोणाचार्य ने एकलव्य से गुरूदक्षिणा में क्या और क्यों माँगा?

2) संस्मरण का आशय स्पष्ट कीजिए।

3) पाँडवो के नाम लिखिए।

4) दुर्योधन ने किसका चिर हरण किया था?

5) विमलेन्दु को किसने और क्यों मारा था?

***********